(c) what is the present policy?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) and (b) United States military aircraft were permitted to overfly Indian air space during September, 1990.

(c) Under Government's present policy foreign military aircraft are permitted to use Indian air space and air ports in accordance with established guidelines and procedures. Such permission is granted on the basis of international practice and reciprocity.

देश में राष्ट्रीय जलमार्ग

1477. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी सईदा खातून :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अब तक किन-किन जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया हैं और उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य किया गया हैं;

(ख) मध्य प्रदेश के किन-किन जलमार्गों को इन जलमार्गों में शामिल किया गया हैं; और

(ग) यदि उपयुक्त भाग (ख) का उत्तर "ना" हो, तो नर्मदा, ताप्ती, महानदी, सोन अथवा चम्बल के किसी जल मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित किया जायेगा ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) अभी तक गंगा, भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली के इलाहाबाद-हल्दिया खंड और ब्रह्मपुत्र के सादिया-धुबरी खंड को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है, भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण प्रथम चरण में हल्दिया से बलिया तक गंगा के नाजुक खंडों में निकर्षण और ड्रेडलिंग करके पूरे वर्ष के लिए न्यूनतम 1.5 मीटर गहराई और 45 मीटर चौड़ाई का नौचालन योग्य चैनल और ब्रह्मपुत्र में धुबरी से गंभारी तक के खंड में न्यूनतम 2.25 मी० गहराई तथा 45 मीटर चौड़ाई के चैनल का विकास कर रहा है । कम जलस्तर के मौसम में दिन के समय नौचालन के लिए नौचालन चैनल के साथ-साथ जहाजों के मार्गदर्शन के लिए चैनल मार्कों की व्यवस्था की गई हैं और हल्दिया, कलकत्ता, बेहरामपुर, पाकुर, फरक्का, भागलपुर, मुंगेर तथा पटना में नौचालन टर्मिनल, सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ।

(ख) मध्य प्रदेश में किसी जलमार्ग को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित नहीं किया गया है ।

(ग) इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है ।

फैक्स मशीन सुविधा का विस्तार

1478. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी सईदा खातून :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में फैक्स मशीन और इलैक्ट्रॉनिक डाक की सुविधाओं का विस्तार करने का विचार रखती है;

(ख) इन सविधाओं की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुविधायें उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में सरकार का क्या दृष्टिकोण है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां, सरकार का फैक्स सेवा का विस्तार करने का प्रस्ताव हैं । जहां तक इलैक्ट्रॉनिक डाक का संबंध है देश में यह सेवा अभी शुरू नहीं की गयी हैं।

(ख) 30 जून, 1991 तक, विभिन्न तार घरों के 383 यूरोफैक्स केन्द्रों में